हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन



07 तुलावटों व हम्मालों का होगा पुलिस चरित्र सत्यापन, प्रोटोकॉल का...



खबर संक्षेप

तेज रफ्तार ट्रक ने 4 गायों को कुचला चालक गिरफ्तार



विदिशा। पूरनपुरा बायपास पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से चार गायों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दो गायें ट्रक के पहियों में फंस गईं। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सड़क पर पड़े गायों के शव हटवाकर यातायात सुचारू कराया। थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि ट्रक भोपाल से सागर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पूरनपुरा के पास सड़क किनारे बैठा गोवंश उसकी चपेट में आ गया। हाईवे पर गोवंश के बैठने से हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।

यूजीसी एक्ट के विरोध में आज विशाल रैली

अटारीखेजड़ा। यूजीसी एक्ट 2026 रद्द करने, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन सहित सर्व समाज की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को सर्व समाज एकता मंच के तत्वावधान में विशाल रैली निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे दिव्य नमन स्कूल परिसर में लोग एकत्रित होंगे। यहां से रैली मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड पहुंचेगी, जहां जनसभा होगी। आयोजकों ने आसपास के 30 से 40 गांवों में जनसंपर्क कर लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया है।

ग्राम रोजगार सहायक आज सौंपेंगे ज्ञापन

ग्यारसपुर। ग्राम रोजगार सहायक संघ संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आज को प्रदेशभर में ग्राम रोजगार सहायक लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम के तहत ग्यारसपुर ब्लॉक के रोजगार सहायकों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र जैन को आवेदन देकर एक दिवसीय अवकाश स्वीकृत करने की मांग की है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों और विकासखंडों में रोजगार सहायक एकजुट होकर शासन तक अपनी मांगें पहुंचाएंगे।

कई इलाकों में आज सुबह 10 से 2 बजे तक बिजली रहेगी गुल

विदिशा। विद्युत नगर के 11 केवी फीडर पर मेंटनेंस के चलते आज कई इलाकों में बिजली गुल रहेगी। फीडर पर लाइन शिफ्टिंग के कार्य के चलते रायपुरा, पेड़ी चौराह, खाई क्षेत्र सहित बक्सरिया चौपड़ा मोहल्ला क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद की जाएगी। बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता अनुसार समय घटाया और बढ़ाया जा सकता है। कंपनी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह बिजली संबंध कार्य कटौती से पहले ही निपटा लें।

ग्रामीण स्वामित्व योजना का पटवारी संघ ने किया विरोध

पटवारी संघ बोलाः वेतनमान विसंगति और हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो काम नहीं करेंगे

कल से शुरू होने वाली ग्रामीण स्वामित्व योजना को लेकर पटवारी संघ ने विरोध जताया है। संघ की आपत्ति पट्टे वाली सरकारी जमीन की रजिस्ट्री में पटवारी को विक्रेता बनाए जाने पर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। पटवारी संघ के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में पहुंचकर पटवारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन।

मंगलवार को पटवारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन को ज्ञापन सौंपा। जिला पटवारी संघ का कहना है कि सरकार उन्हें लगातार नए काम दे रही है।

पटवारी अब तक इन जिम्मेदारियों को पूरा करते आए हैं, लेकिन लंबे समय से वेतनमान की विसंगति सहित दूसरी मांगों का समाधान नहीं हुआ है। संघ का कहना है कि नई योजना में पट्टे वाली जमीन की रजिस्ट्री के दौरान पटवारी को विक्रेता बनाए जाने का फैसला उन्हें मंजूर नहीं है। ग्रामीण स्वामित्व योजना के तहत गांवों के आबादी वाले इलाकों में बने मकानों और जमीनों का ड्रोन सर्वे किया जाता है। इसके आधार पर संपत्तियों का रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। इसके बाद मौके पर जाकर जमीन की सीमाओं और मालिकाना हक की जांच की जाती है। योजना के तहत पट्टों की रजिस्ट्री तीन चरणों में होगी। पहला चरण 17 से 19 सितंबर, दूसरा 24 से 26 सितंबर और तीसरा चरण 1 से 3 अक्टूबर तक चलेगा। जिले में करीब एक लाख रजिस्ट्री होने की बात बताई गई है।

पटवारियों को विक्रेता बनाने पर पटवारी संघ को आपत्ति

जिला पटवारी संघ अध्यक्ष मनोज बघेल ने बताया कि योजना में जिन लोगों को पहले ही पट्टे के अधिकार दिए जा चुके हैं, उनकी रजिस्ट्री के लिए पटवारी को विक्रेता बनाया जा रहा है। पटवारियों का काम सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना और राजस्व से जुड़े काम करना है। ऐसे में रजिस्ट्री की इस प्रक्रिया में पटवारी को विक्रेता बनाना उचित नहीं है। बघेल ने कहा कि वेतनमान की विसंगति सहित कई मांगों को लेकर सरकार से लगातार बात की गई है, लेकिन अब तक आश्वासन ही मिले हैं। संघ ने कहा है कि मांगों पर स्पष्ट फैसला होने तक नई योजनाओं के तहत दिए जाने वाले कामों का विरोध जारी रहेगा। डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन ने संघ को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और आपत्तियों को कलेक्टर के माध्यम से ऊपर तक पहुंचाएंगी।

किसानों ने निकाला पैदल मार्च, सर्वे कर मुआवजे की मांग की

ग्यारसपुर। किसानों की 37 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम शशि मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। किसान बस स्टैंड से पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। तहसील अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि सोयाबीन, उड़द, मक्का सहित खरीफ फसलें बारिश, कीट प्रकोप, इल्ली और पीला मोजेक रोग से प्रभावित हुई हैं। संघ ने राजस्व व कृषि विभाग की संयुक्त टीम से खेतों का निष्पक्ष सर्वे कराकर नुकसान के अनुसार शीघ्र मुआवजा और राहत राशि देने की मांग की।

भाजपा मंडल बैठक, सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर मंथन

ग्यारसपुर। भाजपा मंडल ग्यारसपुर की मंडल स्तरीय बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और मंडल के कार्यकर्ता शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को शाम 7 बजे घर-घर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। गांवों में मंदिर, चबूतरा, सामुदायिक भवन, स्कूल सहित प्रमुख स्थानों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन होगा। बैठक में मन की बात कार्यक्रम को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

कांग्रेस ने छात्रों से की बात ढपली बजाकर किया प्रचार

शिक्षा व्यवस्था के मुद्दों पर इंदौर में जुटेंगे छात्र



विदिशा। छात्र छात्राओं को पंपलेट बांटकर पेपर लीक के खिलाफ नारे लगा।

- कार्यकर्ताओं ने छात्रों को पंपलेट और पोस्टर बांटे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कांग्रेस ने छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर सीधा संपर्क अभियान शुरू किया है। यह अभियान 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में राहुल गांधी मौजूद रहेंगे।

छात्रों की समस्याओं के साथ शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं और पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा। अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को विदिशा नगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों के बाहर छात्रों से संपर्क किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता अलग-अलग शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों के बाहर पहुंचे। उन्होंने छात्रों से बातचीत कर कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ढपली बजाकर पेपर लीक के खिलाफ नारे भी लगाए।

छात्रों को मंच पर सवाल रखने का मौका

कांग्रेस नेताओं के अनुसार कार्यक्रम में छात्रों को शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर अपनी समस्याएं और सवाल रखने का मौका मिलेगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि राहुल गांधी 19 सितंबर को छात्रों की लड़ाई को लेकर इंदौर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पेपर लीक और बेहतर शिक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर लगातार छात्रों की आवाज उठा रहे हैं। इसी के समर्थन में विदिशा में कोचिंग सेंटरों और स्कूलों के बाहर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, पौधरोपण और शिविरों के साथ महीनेभर होंगे आयोजन

जिपं में हुई बैठकः 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। जिपं ने नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, से भागीदारी की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महीनेभर चलने वाले अभियान की तैयारियों और गतिविधियों की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई।

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को विशाल रक्तदान शिविर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों से होगी। वहीं 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पूरे अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण भी किया जाएगा। ब्लॉक और पंचायत स्तर पर 'सेवा सेतु' शिविर लगाए जाएंगे। स्कूल और कॉलेजों में 'विकसित भारत' विषय पर चित्रकला, निबंध और वक्तृत्व प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। अभियान की शुरुआत की शाम 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम होगा। इसके तहत सरकारी योजनाओं के लाभार्थी अपने घरों में दीया जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करेंगे। बैठक में अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए गए।

सोलर गोदाम चोरी का खुलासा, 6 महिला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज विदिशा। रंगई स्थित सनशाइन सोलर एनर्जी गोदाम में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए छह महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार नंदवाना निवासी नवीन कोठारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर जतरापुरा निवासी लक्ष्मी बाई (33), डोया बाई (20), ससिया बाई (50), मटकुली बाई (22), चुलबुली (22) और हसीना बाई (23) को गिरफ्तार किया। महिलाओं का यह ग्रुप निर्माणाधीन मकानों से भी सामग्री चोरी करने का काम करता है।

बर्तन बेचकर जीतती थी महिलाओं का भरोसा, फिर गायब कर देती थी जेवर

सावधान रहें: 5 लाख के जेवर के साथ महिला को किया गिरफ्तार

- महिला से अन्य वारदातों के संबंध में हो रही पूछताछ।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई



विदिशा। आरोपी महिला से सोने चांदी के आभूषण भी पुलिस ने बरामद किए।

बर्तन बेचने के बहाने घरों की रेकी कर आभूषण चोरी करने वाली अंतरराज्यीय महिला को कुरवाई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अन्नू राधा (28), पति शत्रुहन साहनी, निवासी बिहार नगर मवैया, थाना आलमबाग, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक आरोपी मजदूरी के साथ गांवों में फेरी लगाकर बर्तन बेचती थी। घर-घर पहुंचकर महिलाओं से बातचीत करती और इसी दौरान परिवार, घर की स्थिति व जेवरों की जानकारी जुटाती थी। मौका मिलते ही आभूषण चोरी कर निकल जाती थी। उसके पास से सोने का मंगलसूत्र, पेंडेंट, कान के टॉप्स, अंगूठियां, चांदी की पायल, कड़े सहित अन्य जेवर मिले हैं। पुलिस महिला से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

सुनवाई न होने से परेशान बुजुर्ग पिंड भरते हुए पहुंचा

विदिशा। मंगलवार को जनसुनवाई में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति अपनी समस्याओं का समाधान नहीं होने से परेशान होकर पिंड भरते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच गया। उसे इस हालत में देखकर पुलिसकर्मियों ने रास्ते में ही रोक लिया और अधिकारियों के पास ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसने 2022-23 में कूप निर्माण योजना का लाभ लिया था, अब तक करीब 85 हजार रुपए की राशि की किस्त नहीं मिली है। वर्ष 2024 में उसकी भैंस मर गई। जिसका बीमा क्लेम भी नहीं मिला। पत्नी कैंसर से पीड़ित है और इलाज के लिए आर्थिक सहायता नहीं मिल रही। बार-बार आवेदन और शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। इसी कारण वह पिंड भरते हुए अपनी फरियाद लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा।



साइबर अपराध रोकने पुलिस को संचार साथी का प्रशिक्षण

विदिशा। पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को साइबर सेमिनार एवं तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल और एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में हुए प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सीईआईआर पोर्टल, संचार साथी और दूरसंचार विभाग की साइबर सुरक्षा सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में गुम और चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक करने, ट्रेस करने और रिकवरी की प्रक्रिया के साथ सीईआईआर के नए फीचर्स समझाए गए। संचार साथी के जरिए संदिग्ध कम्युनिकेशन की रिपोर्टिंग, मोबाइल डिवाइस की जांच और साइबर फ्रॉड की रोकथाम के तरीके बताए गए। सिम जारी करने की प्रक्रिया और मोबाइल नंबरों से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी दी गई। दूरसंचार विभाग के विशेषज्ञ गोपाल कुर्मी, राहुल जैन और राजीव चौरसिया ने व्यावहारिक डेमो के जरिए प्रशिक्षण दिया। एएसपी मोनिका तिवारी, साइबर प्रभारी गौरव रघुवंशी, रक्षित निरीक्षक नीरज सिंह सिकरवार सहित थानों के ऑपरेटर मौजूद रहे।



बांसखेड़ी में सड़क के नाम पर कीचड़ और गड्ढे, ग्रामीणों ने जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज विदिशा। ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा के ग्राम बांसखेड़ी में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़क बेहद खराब है। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार जननी, बुजुर्ग या गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती। आए दिन बच्चे और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए पंचायत से लेकर तहसीलदार तक कई बार आवेदन दिए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र, भूरा, नीरज, सुमित, शेखर, राज, नीतेश, जितेंद्र, रिंकू और शुभम सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक ने मोहित रघुवंशी को दिया 'शिक्षा रत्न' सम्मान

विदिशा। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए ओलंपस हाई स्कूल के डायरेक्टर मोहित रघुवंशी को 'शिक्षा रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। इंदौर के द शेरेटन ग्रैंड में आयोजित समारोह में सीबीएसई नई दिल्ली के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन डॉ. संयम भारद्वाज ने उन्हें सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम का आयोजन आर्टेमिस एड्यूसोल्यूशंस के संस्थापक सोम्यरंजन दास के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में इंदौर के एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, डेली कॉलेज, द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल और इंदौर पब्लिक स्कूल सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के निदेशकों को भी सम्मानित किया गया। मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में ओलंपस हाई स्कूल में अकादमिक शिक्षा के साथ खेल, नवाचार और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। रघुवंशी ने सम्मान का श्रेय विद्यालय की पूरी टीम को देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।



साइबर क्राइम और नशे के दुष्प्रभावों पर भी विद्यार्थियों ने दिया संदेश

वात्सल्य के मंच पर दिखी अहिल्याबाई की जीवन शैली

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। कार्यक्रम में वात्सल्य स्कूल छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

वात्सल्य विद्यालय में आयोजित गणेशोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सामाजिक जागरूकता के संदेश भी दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी भोपाल राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, जिला वन अधिकारी हेमंत यादव, तीरथ दरबार, घनश्याम बंसल सहित नगर के गणमान्य नागरिक और पालक शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्लोक और देवी स्तुति से हुई। विद्यार्थियों ने लकड़ी की काठी, जगन्नाथ, सांभाजी, दशावतार, साइबर क्राइम, मोरवनी और देशभक्ति पर आधारित नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। विशेष आकर्षण लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और महिला सशक्तिकरण पर आधारित करीब 15 मिनट की नृत्य-नाटिका रही। इसमें अहिल्याबाई के जीवन संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति योगदान को प्रभावी मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया गया।

विद्यार्थियों ने साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्प्रभाव, संतुलित खान-पान और अच्छी संगति के महत्व पर भी प्रस्तुतियां दीं। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

गणेशोत्सव के माध्यम से धार्मिक-सांस्कृतिक संदेशों के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा, प्रतीक कोहली, रुचिरा अरोरा और संजय शर्मा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अंत में संस्था प्रमुख देवना अरोरा ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शमशाबाद में अवैध शराब पर कार्रवाई, 5 लीटर कच्ची शराब जब्त

शमशाबाद। पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब और करीब 1 क्विंटल महुआ लहान बरामद किया। पुलिस के अनुसार जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 51 हजार रुपए है। कार्रवाई शाहपुरा कॉलोनी/साढ़ेर कॉलोनी क्षेत्र में सूचना के आधार पर दबिश देकर की गई। कच्ची शराब की कीमत करीब 1 हजार और महुआ लहान की कीमत 50 हजार रुपए बताई गई। लहान को मौके पर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के साथ ग्रामीणों को नशे और अवैध शराब से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही ऐसी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3510
उच्चतम भाव-6160
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7701
चना
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-6300
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-9483
शरबती
न्यूनतम भाव-3311
उच्चतम भाव-5305
गेंहू
न्यूनतम भाव-2365
उच्चतम भाव-3050
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2593
उच्चतम भाव-2599
बटरी
न्यूनतम भाव-3230
उच्चतम भाव-3450
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7400
मटर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3200
मक्का
न्यूनतम भाव-1940
उच्चतम भाव-1940
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3235
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6020
धान
न्यूनतम भाव-1390
उच्चतम भाव-2200

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5753 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों ने उत्साह से बनाई गणेश प्रतिमाएं

गंज बासौदा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रेमनारायण प्रजापति ने एमएस डब्लू एवं वीएस डब्लू के विद्यार्थियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और रचनात्मकता कलात्मकता के साथ स्वयं गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। इस अवसर पर शफाकत हुसैन कादरी मुस्लिम मंच राष्ट्रीय संयोजक, प्रियव्रत शास्त्री द्वारा गणेश चतुर्थी पर माटी की गणेश प्रतिमा को घर में स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गई। कार्यक्रम में चयनित नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेन्ट सोसायटी से हजारी लाल पाटस्कर, सीमा शर्मा, सुरेन्द शर्मा, सुलतान सिंह बघेल, बलवीर सिंह गुर्जर मुख्य अतिथियों के रूप में मौजूद थे। विद्यार्थियों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की पूजन कर प्रसादी का वितरण किया गया एवं पर्यावरण के प्रति शपथ ली गई।

सैंटएसआरएस में हिन्दी दिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य काव्य गोष्ठी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद यादव एवं संस्था प्रभारी रजनी गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमेश चंद यादव ने हिंदी के व्याकरणिक स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी एक पूर्णतः व्याकरण सम्मत भाषा है। समय के साथ इसके स्वरूप में परिवर्तन आ रहा है। पूर्व में अनुस्वार के स्थान पर पञ्चमाक्षर का प्रयोग अधिक होता था, परंतु अब आधुनिक मानक हिंदी में पञ्चमाक्षर की जगह मुख्य रूप से अनुस्वार का प्रयोग बढ़ा है। इसके बावजूद विद्यार्थियों को पञ्चमाक्षर का शुद्ध प्रयोग भी अवश्य सीखना चाहिए। विद्यालय के हिंदी व्याख्याता गोविंद कुशवाह ने हिंदी के ऐतिहासिक और वैश्विक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था, तभी से प्रतिवर्ष यह दिन राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हिंदी वैश्विक पटल पर निरंतर समृद्ध हो रही है। विश्व के लगभग 120 विश्वविद्यालयों और अकेले अमेरिका के 150 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें अपनी मातृभाषा के सम्मान और प्रयोग में कोई कमी नहीं आने देनी चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, शिक्षिका रंजू राठौर ने अपने विचार रखे। इस दौरान केपी सिंह चौहान ने स्वरचित प्रेरक दोहों की प्रस्तुति दी। काव्य पाठ के साथ ही कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की गई।

शीघ्र किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण किए जाने की गई मांग

भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मंगलवार को भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की 37 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी सविता पटेल को एक ज्ञापन सौंपा गया।
सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में दावा राशि भुगतान की पारदर्शिता सुनिश्चित करें, जिले की शार्टफोल रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जावे, रिमोट सेसिंग पद्धति सेटेलाईट बंद कर पुनः फसल कटाई प्रयोग प्रारंभ किया जाये। केला एवं मिर्च फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल किया जावे। कृषि उपज मंडियों में उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय हो, सभी मंडियों में आधुनिक मानक परीक्षण, डोकेज टेस्टिंग तथा वेडिंग मशीने लगाई जाएं तथा ट्रैक्टर ट्राली का बड़े तौल कांटे 10 टन वाले से तौल कराया जाए, सभी कैमरे 24 घंटे चालू रखे जाएं,सोयाबीन के समर्थन मूल्य पर खरीदी के पंजीयन प्रारंभ किये जाएं, खरीफ की सभी फसलों धान, मक्का, ज्वार एवं बाजरा की समर्थन मूल्य पर सरकार खरीदी करें, अविलम्ब पर्याप्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करे, एनपीके खाद पर डीएपी की तरह अनुदान दिया जाए, विवरण व्यवस्था सुगम बनाई जाए, खरीफ की फसलों की अतिवृष्टि, अफलन एवं वायरस एवं अन्य बीमारी के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई की जाए, बीमा का लाभ दिलाया जाए, कृषि यंत्रों पर अनुदान एवं कोटा बढ़ाया जाए, जंगली पशुओं से फसल नुकसानी की पूर्ति शासन द्वारा की जाए, तार फेंसिंग पर किसानों को अनुदान दिया जाए, योजनाओं के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर किसान प्रतिनिधियों के साथ निगरानी समिति बनाई जाए, भारतीय किसान संघ द्वारा बनाये गये FPO को खाद बीज मण्डी व्यापार के लायसेंस व नाबार्ड द्वारा लोन सरलता से उपलब्ध कराया जाये, मालवम फेडरेशन को शासकीय सहायता उपलब्ध कराई जाये, प्रदेश में नवीन FPO निर्माण एजेंसी मालवन फेडरेशन को बनाया जाये, कृषि आदानों में गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर दोषियों पर सजा का प्रावधान हो तथा जांच के बाद विक्रय की अनुमति दी जाए, भारतीय गौवंश एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिये देसी गाय के दूध पर 10 रूपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दी जाये, प्रदेश में कृषि न्यायालय की स्थापना की जाए, प्रदेश में बंद पड़ी कृषि उपज मंडियों को चालू किया जाए, निजी भूमि पर लगे सागवान की कटाई की पात्रता किसान को दी जाए,बंद पडी सिंचाई परियोजनाओं को चालू किया जाए, नहरों की मरम्मत एवं साफ सफाई की जाए, विद्युत संबंधी त्रुटियों के निपटारे हेतु संभाग स्तर पर एक समिति बनाई जावे जिसमें किसान प्रतिनिधि की तरह हों। अधिक भार वाले ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जाए और डीसी स्तर पर ट्रांसफार्मर बैंक बनाया जाए जिसमें 15 ट्रांसफार्मर हमेशा रहे। किसी भी योजना में भूमि अधिग्रहण करते समय किसान को योजना की संपूर्ण जानकारी दी जाए, उनके सुझाव आपत्तियों का निराकरण कर परिसम्पत्तियों का ठीक मूल्यांकन कर, आम सभा का अनुमोदन करने के पश्चात बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दिया जाए, खेतों के परंपरागत रास्ते नक्शे में अंकन किए जाएं और खेत सडक योजना आरंभ की जाए, बंदोबस्त के आधार पर नक्शा देखकर नक्शा सुधार किया जाए, कई जिले बंदोबस्त में छूट गए हैं, उन्हें तैयार कराया जाए, सौर ऊर्जा कनेक्शन सभी किसानों को मांगने पर दिए जाएं, किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे सतत बिजली प्रदाय किया जाए, रजिस्ट्री होते ही नामांतरण दस्तावेज क्रेता को तुरंत उपलब्ध कराए जाएं, पांच रूपए में बिजली कनेक्शन को पूरे प्रदेश में लागू किया जाए, सरकार अनुकूल स्थान देखकर गौ अभ्यारण्य बनवाए, राजस्व विभाग प्रति तीन माह में एक पखवाडा जागरूकता अभियान गांवों में चलाए, निजी भूमि के इंद्राज दुरूस्ती के अधिकार तहसीलदार को दिए जाएं।

इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव को आयुक्त ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अभियंता दिवस के अवसर पर नगर पालिका में पदस्थ उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव को बड़ी सौगात मिली है। उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव द्वारा नगर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता और समय-सीमा में पूर्ण कराया गया। विशेषकर अमृत योजना, अधोसंरचना विकास एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत कराए गए कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके द्वारा की गई कार्यों की जियो टैगिंग और ऑनलाइन मॉनिटरिंग रिपोर्ट को राज्य स्तर पर सराहा गया था। अभियंता दिवस पर मिले इस सम्मान से नगर पालिका में हर्ष का माहौल है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं नपा सीएमओ अशोक वर्मा सहित समस्त स्टॉफ ने उन्हें बधाई दी है। सीएमओ ने कहा कि सौरभ श्रीवास्तव की कार्यशैली युवा इंजीनियरों के लिए प्रेरणा है। यह सम्मान न केवल उनका बल्कि पूरे गंजबासौदा नगर पालिका परिवार का सम्मान है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सैण्ट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12 वीं के छात्र हर्षित लोधी का राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। सीहोर में आयोजित हुई संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में हर्षित ने अपने प्रतिद्वन्द्वियों को कड़ी टक्कर देकर मात दी और अपने लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने की जगह बनाई। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आगामी 26 से 30 सितंबर तक सीहोर में आयोजित की जाएगी। हर्षित के चयन पर परिजनों, संस्था प्रबंधन एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं, इष्ट मित्रों ने हर्षित को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नदी के घाटों पर किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अखंड सुहाग की कामना एवं मनचाहा वर पाने के लिए सुहागिनों और युवतियों ने सोमवार को हरतालिका तीज का व्रत रखा और रात में भगवान शिव पार्वती की प्रतिमा बनाकर पूजन अर्चन किया गया। रात भर पूजन एवं भजनों का आयोजन हुआ। इसके बाद मंगलवार की सुबह सभी व्रत धारियों ने पाराशरी एवं बेतवा नदी के घाटों सहित विभिन्न नदियों और जलाशयों पर पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया और भगवान से मंगल कामना करते हुए भगवान शिव पार्वती की प्रतिमाओं का विजर्सन किया।

पितृपक्ष में भागवत कथा को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पितृपक्ष में पितृ तर्पण भागवत कथा हेतु बैठक का आयोजन हुआ। ज्ञात हो कि पिछले 17 वर्षों से वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में संपूर्ण पितृपक्ष में विष्णु अर्चन, पितृ तर्पण एवं भागवत पाठ, भागवत प्रवचन का आयोजन होता है। इस वर्ष आयोजन की भूमिका के लिए भृगु ज्योतिष कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न की गई। जिसमें सर्वसम्मति से कलश यात्रा, तर्पण, मूल पाठ, भागवत प्रवचन पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें तय हुआ कि 27 सितंबर से कलश यात्रा शीतला शक्ति धाम मंदिर से निकाली जावेगी, विष्णु अर्चना व तर्पण हेतु 11 यजमान बनाए जाएंगे, साथ ही इक्छुक नागरिक तर्पण हेतु आते हैं उनसे कोई भेंट नहीं ली जावेगी। भागवत मूल पाठ की यजमान की भेंट राशि 7000 निश्चित की गई है। इस वर्ष के प्रधान यजमान मयंक तेनगुरिया को बनाया है, साथ ही मूल पाठ के तीन यजमानों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।
कार्यक्रम में प्रातः 9 से 11 बजे तक विष्णु अर्चन, 11 से 1 तक भागवत मूल पाठ तथा शाम 4 बजे से भागवत कथा एवं पितृ व्याख्यान संपन्न होगा। बैठक में नित्य प्रकाश शर्मा, भगवान स्वरूप माथुर, प्रमोद शर्मा, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, गोपाल शर्मा ,प्रकाश मिश्रा, घनश्याम चौरसिया ,राजेश रिछारिया, राजकुमार पाराशर, सीताराम ताम्रकार, रमेश अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, भूरा कुशवाह, भुवनेश माथुर मौजूद रहे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिका परिजनों को सुपुर्द किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया है। फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 13 वर्ष 8 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अपहृत बालिका की तलाश पतारसी के दौरान प्रकरण में आये भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग बालिका को सतना से दस्तायब करने में सफलता प्राप्त की तथा अपहृत बालिका के न्यायालय में कथन कराये गये एवं अपहृत बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में राजेंद्र शर्मा, चालीराम यादव की विशेष भूमिका रही।

नगर के अनेक कवियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए

बाबूजी के विचारों को जन जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय बाबूजी जगदीश मित्तल परमार्थी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जनों ने नम आँखों से बाबूजी को श्रद्धांजलि एवं शब्दांजलि अर्पित की। सभा में बाबूजी के व्यक्तित्व पर विस्तार से बातचीत करते हुए मध्य भारत प्रांत के प्रांत संरक्षक कवि आशीष दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक, एवं भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा के पूर्व संगठन महामन्त्री, हम सबके आदर्श, कुशल संगठक जगदीश मित्तल बाबूजी का परलोक गमन हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। राष्ट्रीय कवि संगम के संगठन जो कि कवियों का संगठन है,उसे पूरे भारतवर्ष में खड़ा कर देना उनके संगठनात्मक कौशल का एक अद्भुत उदाहरण है। बाबूजी स्वयं कवि नहीं थे, परंतु उनका प्रेरणादायी व्यक्तित्व और उनका सहज आत्मीयतापूर्ण व्यवहार समस्त कवियों एवं कार्यकर्ताओं का दिल बरबस ही जीत लेता था। राष्ट्रीय कवि संगम मध्य भारत प्रान्त के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की ओर से हम सब उस विराट व्यक्तित्व को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कवि नीलेश चतुर्वेदी प्रान्त उपाध्यक्ष मध्य भारत ने कहा कि ईश्वर हम सबको इतनी शक्ति दे कि हम इस आघात को सहन कर सकें और उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हुए उनके स्वप्न को साकार कर सकें। कवियित्री प्रगति यादव ने कहा कि उनका जीवन राष्ट्र, संस्कृति, साहित्य और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण का उदाहरण था। कवि मोहित भार्गव ने कहा कि वे हम सबको बच्चों की तरह स्नेह दिया करते थे बाबूजी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना है। मोहन रघुवंशी ने कहा कि बाबूजी का लगाव समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ था। कार्यक्रम के अंत में मौन धारण किया गया। आशीष दुबे ने सभी को संकल्प दिलाया कि बाबूजी ने राष्ट्रीय कवि संगम के रूप में जो दीप प्रज्वलित किया है, उसे कभी मंद नहीं होने दिया जाएगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि बाबूजी का सपना था कि देश के कोने- कोने से नवोदित कवियों को खोजकर उन्हें साहित्य एवं राष्ट्र जागरण की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। विद्यालयों में जाकर साहित्यिक एवं काव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाऐं। श्रद्धांजलि सभा में कवि महेंद्र भार्गव, हरिनारायण दुबे, कमलेश बंसल, संजय श्रीवास्तव प्रज्ञा, ध्रुव शर्मा, पंकज गुरु, डॉ रवि शर्मा, रामनारायण नरवरिया, शंभू दयाल शर्मा, शुभम, सोम शर्मा मौजूद रहे।

हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत गत दिवस हनुमान चालीसा पाठ का 146 वां चरण श्री न्यायेश्वर महादेव मंदिर, न्यायालय परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री हनुमान जी एवं भगवान महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात हिंदू वीरों एवं श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर सात बार संगीतमय सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का वाचन किया। हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात नंदकिशोर वर्मा, नीतू चौबे, अनुज झा, खुशी रघुवंशी, हर्षित विश्वकर्मा, अरनव रघुवंशी एवं सचिन द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और अनेक श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए।
कार्यक्रम में हिंदू वीरों एवं श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदीप सचान एवं मुकेश सिंह रघुवंशी ने समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करना और युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने समिति के प्रयासों को समाज के लिए सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य बताते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं में लगातार जागृति आ रही है और इसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि प्रत्येक शनिवार बड़ी संख्या में हिंदू वीर एकत्रित होकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं तथा समाज को नशा मुक्ति का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। समापन अवसर पर अधिवक्ता देव सिंह लोधी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी हिंदू वीरों, श्रद्धालुओं, अधिवक्ताओं, गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

मनुष्य का इस लोक और परलोक में कोई शत्रु नहीं है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



क्षमा आत्मा का धर्म है, इसलिए जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं, उन्हें हमेशा इस भावना की रक्षा करनी चाहिए। क्षमावान मनुष्य का इस लोक और परलोक में कोई शत्रु नहीं होता है। क्षमा ही सर्व धर्म का सार है। क्षमा ही सम्यक दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप आत्मा का मुख्य सच्चा भंडार है। उक्त बात दशलक्षण पर्व के अवसर पर मुनिश्री ने कही। उन्होंने कहा कि आज के युग में भारतवर्ष में महात्मा गाँधी ने केवल निःशस्त्र अर्थात क्षमारूपी शस्त्र से भारत भूमि को हस्तगत कर भारतवासियों को स्वतंत्र करा दिया तो वहीं महान ऋषि मुनियों ने आत्म-सिद्ध कर केवल क्षमारूपी शस्त्र से कर्म बैरी को जीतकर अखंड मोक्षरूपी साम्राज्य को हस्तगत कर लिया है। अगर मानव प्राणी संपूर्ण विश्व को हस्तगत करना चाहता है, तो उसको वश में करने के लिये क्षमा मंत्र ही एक महामंत्र है, अन्य कोई साधन नहीं। इससे दुर्जन भी सज्जन बन जाता है। इसलिये मानव प्राणी को अपने और पर-हित के लिये क्षमा भाव को साधन भी करते रहना चाहिये।

खबर संक्षेप

कुपोषण जांच और प्रश्नोत्तरी द्वारा पोषण जागरूकता अभियान



बरेली। सेवा भारती समिति ने 15 सितंबर को सुपोषण भारत अभियान अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 की 50 किशोरियों की ऊंचाई और शरीर भार के अनुपात को दर्शाने वाली बीएमआई जांच की गई। जांच में शामिल दो तिहाई छात्रायें कम वजन (अंडरवेट) की सीमा में पाई गई। केवल एक तिहाई छात्रायें सुपोषित थी। यह स्थिति कुपोषण की भयावहता को दर्शाती है। इन्हीं छात्राओं को कुपोषण के कारण एवं इससे बाहर निकलने की जानकारी देने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। छात्राओं के चार समूह बनाकर पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे। प्रश्नों के उत्तर व्याख्या सहित दिये।अंत में पौष्टिक आहार के रूप में फूटाचना एवं गुड़ का विवरण कर सुपोषण पत्रक बांटे कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के जिला सचिव बी एस किरार ने किया। जिला अध्यक्ष दिनेश राजौरिया, नगर अध्यक्ष अवध नारायण सक्सेना, सदस्य धन्नालाल रैकवार एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी, शाला प्रबंधन समिति सचिव हीरेन्द्र मालवीय, सेवा भारती के राजकुमार ठाकुर सहित स्कूल स्टॉफ की उपस्थिति रही।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मुस्कान रेस्टोरेंट एवं बार का किया निरीक्षण

सागर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश, कमिश्नर सागर संभाग तथा कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार जिले में आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा सागर स्थित अंबेडकर चौक के मुस्कान रेस्टोरेंट एवं बार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसायों का लाइसेंस और पंजीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची-4 के भाग-1 एवं 2 में निर्धारित सामान्य स्वच्छता एवं सैनिटरी प्रथाओं से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट एवं बार से पनीर का नमूना लिया और जांच के लिए भेजा।

मंडी व्यवस्था को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारियां तय

तुलावटों व हम्मालों का होगा पुलिस चरित्र सत्यापन, प्रोटोकॉल का पालन जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कृषि उपज मंडी में किसानों के हित में व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा मंडी अधिनियम एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के तहत मंडी की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं कृषि उपज मंडी समिति के भारसाधक अधिकारी द्वारा जारी आदेश में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के आदेश के अनुसार मंडी में कार्यरत तुलावटों एवं हम्मालों के सत्यापन तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराने के लिए मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी मंडी में होने वाली उक्त व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे और कार्य प्रारंभ होने से लेकर कार्य समाप्ति तक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। तुलावटों एवं हम्मालों के सत्यापन तथा प्रोटोकॉल संबंधी कार्य में मंडी निरीक्षक वृंदावन लाल अहिरवार, अधीक्षक हरिशंकर विश्वकर्मा एवं सहायक ग्रेड-2 रामबाबू मीणा सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी एवं समन्वय के लिए कृषि उपज मंडी सचिव रमेश चंद्र अहिरवार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

तुलावटों व हम्मालों का होगा चरित्र सत्यापन

मंडी में कार्यरत तुलावटों एवं हम्मालों सहित संबंधित कर्मचारियों के पुलिस चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया भी कराई जाएगी। इसके लिए नोडल अधिकारी रमेश चंद्र अहिरवार, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दोजीराम अहिरवार, नायब तहसीलदार देवदीप सिंह, उप निरीक्षक पुलिस वीरेंद्र कश्यप, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र लोधी, नगर पालिका राजस्व निरीक्षक विनोद शर्मा तथा नगर पालिका द्वितीय अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक बालमुकुंद कुशवाह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके द्वारा मंडी में कार्यरत कर्मचारियों, तुलावटों एवं हम्मालों के आवश्यक सत्यापन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

वर्दी में उपस्थित रहेंगे अधिकारी-कर्मचारी

अनुविभागीय अधिकारी एवं कृषि उपज मंडी समिति के भारसाधक अधिकारी द्वारा जारी आदेश में मंडी में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि कार्यालय एवं मंडी प्रांगण की कार्यव्यवस्था के अंतर्गत संबंधित कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराई गई है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित वर्दी पहनकर ही मंडी में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वहीं जिन कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू नहीं है, उन्हें अपने नाम की पट्टिका लगाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे मंडी में आने वाले किसानों एवं अन्य लोगों को संबंधित कर्मचारियों की पहचान करने में सुविधा होगी तथा कार्य व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहेगी।

अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई

आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडी की व्यवस्थाओं के दौरान सुरक्षा, अनुज्ञप्ति की प्रक्रिया एवं उसकी शर्तों सहित मंडी अधिनियम और शासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य रहेगा। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी अधिकारी, कर्मचारी, तुलावट या हम्माल द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जाता है या किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित के विरुद्ध मंडी अधिनियम एवं उपविधियों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य मंडी में किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही कार्यप्रणाली में अनुशासन, पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।

जनवरी में रिलीज होने की संभावना

फिल्म 'श्री राम भूमि' में जलालुद्दीन की भूमिका में नजर आएंगे पं. संजय मेहता

मुंबई और लखनऊ में शूटिंग कर लौटे वरिष्ठ रंगकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ महंत एवं वरिष्ठ रंगकर्मी पं. संजय मेहता अब बड़े पर्दे पर अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। वे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'श्री राम भूमि' में जलालुद्दीन के महत्वपूर्ण किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग इन दिनों अंतिम चरण में चल रही है। पं. संजय मेहता मुंबई में एक दिन तथा हाल ही में लखनऊ में लगातार तीन दिनों तक फिल्म की शूटिंग में हिस्सा लेकर लौटे हैं। उनके फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जानकारी सामने आने के बाद नगर के कला, रंगमंच और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है। वहीं पं. संजय मेहता ने बताया कि फिल्म 'श्री राम भूमि' की शूटिंग लगभग पूर्णता की ओर है। फिल्म की कहानी देश में राम मंदिर आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रम, कारसेवकों की यात्रा, उनके संघर्ष और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की यात्रा को केंद्र में रखकर प्रस्तुत की गई है। फिल्म में इस पूरे घटनाक्रम को बड़े पर्दे पर प्रभावशाली तरीके से दिखाने का प्रयास किया गया है। फिल्म के जनवरी माह में रिलीज होने की संभावना जताई जा रही है।

जलालुद्दीन के किरदार में खलनायक की भूमिका

फिल्म का निर्देशन कामाख्या नारायण सिंह द्वारा किया जा रहा है, जो अपनी चर्चित फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के निर्देशन को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। फिल्म में जाने-माने अभिनेता अनुपम खेर अशोक सिंघल की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं पं. संजय मेहता जलालुद्दीन के किरदार में खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उनका किरदार फिल्म की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पं. संजय मेहता इससे पहले भी फिल्म 'धुरंधर' और 'द केरल स्टोरी 2' में खलनायक की भूमिका निभा चुके हैं। रंगमंच से लंबे समय से जुड़े होने के कारण अभिनय के क्षेत्र में उन्हें विविध किरदार निभाने का अनुभव है। मंचीय अभिनय के अनुभव को उन्होंने फिल्मों में भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान मुंबई और लखनऊ में काम करने का अनुभव काफी अलग और यादगार रहा। बड़े कलाकारों और फिल्म निर्माण से जुड़े अनुभवी लोगों के साथ काम करने का अवसर मिला। 'श्री राम भूमि' के माध्यम से कारसेवकों की यात्रा और श्रीराम मंदिर निर्माण के संघर्ष को दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। फिल्म के जनवरी में सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के बाद दर्शकों को इस ऐतिहासिक यात्रा की झलक बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। सिरोंज के पं. संजय मेहता की इस फिल्म में भूमिका को लेकर स्थानीय लोगों में भी विशेष उत्सुकता बनी हुई है।

लंबित भुगतान सहित विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग

सर्वेयरों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

लोकल यूथ महासंघ मध्यप्रदेश (राजस्व सहायक कर्मचारी) के पदाधिकारियों एवं सर्वेयरों ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार अभिषेक पाण्डेय को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सर्वेयरों ने रबी फसल 2025-26 के लंबित भुगतान सहित सर्वे कार्य के दौरान आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि लोकल यूथ सर्वेयरों की नियुक्ति जुलाई 2024 में की गई थी। नियुक्ति के बाद से सर्वेयरों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में अपने कार्यों को पूरा करने के साथ ही फार्मर आईडी, भूमि ई-केवाईसी सहित अन्य कार्यों में भी जिम्मेदारीपूर्वक योगदान दिया जा रहा है। सर्वेयरों का कहना है कि वर्तमान में अत्यधिक वर्षा के कारण खेतों में सर्वे कार्य करने में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सुरक्षा किट,लंबित भुगतान व आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की मांग

सर्वेयरों ने बताया कि फसल सर्वे एवं 0 मीटर लोकेशन का कार्य करने के लिए खेतों की मेड़ों तथा खेतों के अंदरूनी हिस्सों तक जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में इन स्थानों पर जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद सर्वेयर लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कर्मचारियों को परेशानी एवं जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सर्वेयरों ने सुरक्षा किट उपलब्ध कराने, रबी फसल 2025-26 के लंबित भुगतान का बिल लगाए जाने, 0 मीटर से 100 मीटर तक की व्यवस्था किए जाने तथा सभी सर्वेयरों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण होने से सर्वे कार्य को और अधिक सुचारू एवं सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सकेगा। इस दौरान राहुल शर्मा, गोलू यादव, सिद्धाम यादव, देवेंद्र बघेल यादव, धर्मेंद्र जाटव, शेरू जाटव, सुमित राजपूत, गजेंद्र धाकड़, सुरेश त्यागी, हर्षित शर्मा, महेश धाकड़, आजाद डांगी सहित अन्य सर्वेयर एवं महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रजत सक्सेना होंगे ऑटो यूनियन के अध्यक्ष

सर्वसम्मति से चयन, चालकों के हित की आवाज उठाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के ऑटो चालकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें यूनियन के संगठनात्मक विषयों एवं चालकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सभी ऑटो चालकों की सहमति से रजत सक्सेना को ऑटो यूनियन का नया अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर ऑटो चालकों ने उन्हें बधाई दी।

नवनियुक्त अध्यक्ष रजत सक्सेना ने सभी चालकों एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष पद उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। यूनियन को मजबूत और एकजुट बनाकर प्रत्येक ऑटो चालक के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि ऑटो चालक दिनभर मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में उनकी समस्याओं का समाधान कराना, अधिकारों के लिए आवाज उठाना और उन्हें सम्मान दिलाना यूनियन की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी चालकों से एकजुटता, अनुशासन और आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की। रजत सक्सेना ने कहा, "हमारी एकता हमारी ताकत है, हमारा अनुशासन हमारी पहचान है और ऑटो चालक का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जरूरत पड़ने पर चालकों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में ऑटो चालकों ने नवनियुक्त अध्यक्ष रजत सक्सेना को शुभकामनाएं देते हुए यूनियन को मजबूत बनाने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

धान की फसलों पर हो रहा मौसम का असर

बरेली। आसमान में बादलों का डेरा बना रहने के साथ कभी-कभी रुक-रुक कर बारिश के नाम पर सिर्फ बूंदाबांदी और बौछारें पड़ रही है। कभी गर्मी कभी सर्द मौसम के कारण धान की फसलों में रोग लगना शुरू हो गए हैं। धान में रस चूसक माहू रोग का प्रकोप शुरू होने से किसान माहू रोग के नियंत्रण के लिए महंगे कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं। 15 सितंबर के बाद बारिश का सीजन समाप्त होने की स्थिति बनती है। क्षेत्र में अभी तक औसत से लगभग आधी ही बारिश हुई है। कम बारिश का असर नदी नालों में कम जल स्तर के रूप में दिखाई दे रहा है। बारिश में जल स्त्रोतों कुआ ट्यूबवेल हैंड पंपों का जल स्तर बढ़ जाता था। जलस्तर ठीक प्रकार न बढ़ने से कम पानी आने की स्थिति बन रही है। इसी के साथ जैसे ही बारिश रूकती है भारी गर्मी उमस बढ़ जाने की परेशानियां शुरू हो जाती है।

धान में माहू का प्रकोप- बार-बार मौसम बदलने का असर लोगों की सेहत के साथ धान की फसलों पर भी पढ़ रहा है। धान में रस चूसक माहू रोग का प्रकोप शुरू हो गया है। किसान माहू रोग नियंत्रण के लिए महंगे कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं जिससे धान की प्रति एकड़ लागत बढ़ती जा रही है। कम बारिश और धान फसलों में रोग लगने से क्षेत्र के हजारों किसान भारी चिंता ग्रस्त बने हुए हैं।

अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हरितालिका तीज पर घर-घर हुआ रात्रि जागरण

बरेली। सोमवार को हरितालिका तीज के पावन पर्व पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाओं द्वारा रात्रि में भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। हरितालिका तीज के अवसर पर नगर में घर-घर महिलाओं द्वारा आकर्षक फुलेरा बांधकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की स्थापना एवं पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने रात्रि में पांचों पहर की पूजा, आरती एवं भजन-कीर्तन करते हुए रात्रि जागरण किया। इस दौरान भगवान शिव और मां माता पार्वती के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर के कई मंदिरों में भी



महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से फुलेरा बांधकर पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने एकत्रित होकर भजन-कीर्तन और आरती करते हुए रात्रि जागरण किया।

वहीं कई घरों में भजन मंडलियों द्वारा विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के साथ पुरुषों एवं बच्चों की उपस्थिति रही सभी ने देर रात तक धार्मिक भजनों का आनंद लिया और भगवान शिव-मां पार्वती की आराधना की।

हिन्दू उत्सव समिति एवं संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति की शोभायात्रा के दौरान हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सोमवार को नगर के टॉकीज चौराहा स्थित मस्जिद के सामने गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की अगवानी एवं स्वागत शोभायात्रा जुलूस निकाले जाने को लेकर विघ्न -विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। शोभायात्रा को लेकर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा आपत्ति जताते हुए नारेबाजी किए जाने की बात सामने आई। मामले को लेकर हिन्दू उत्सव समिति एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी अंकित जैन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई।

बताया गया कि गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की अगवानी एवं स्वागत शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान टॉकीज चौराहा स्थित मस्जिद में एकत्रित हुए मुस्लिम समुदाय की ओर से आपत्ति जताई गई और नारेबाजी की गई। इससे मौके पर कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

हालांकि, मौके पर मौजूद एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती एवं थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने सूझबूझ का परिचय देते एवं बल प्रयोग करते हुए स्थिति को संभाला और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने से रोक दिया। पुलिस की तत्परता के चलते मामला आगे नहीं बढ़ा और स्थिति नियंत्रण में रही।



कार्रवाई व सुरक्षा की मांग

घटना के बाद हिन्दू उत्सव समिति एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों की ओर से एसडीएम अंकित जैन को सौंपे गए ज्ञापन में पूरे मामले की जांच कर संबंधित लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में घटना से संबंधित वीडियो एवं सीसीटीवी फुटेज की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने तथा दोषियों की पहचान कर कार्रवाई एफआईआर किए जाने की मांग रखी गई। संगठनों ने आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को देखते हुए नगर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की मांग भी की है। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी दीपक नायक ने तत्काल बरेली आकर घटनास्थल का जायजा लिया एवं बाड़ी, उदयपुरा देवरी से अतिरिक्त पुलिस बल बुलवाकर नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर नगर की शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई।

न्यायालय तहसीलदार (नगरीय) तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 1833/अ-6/2026-27
श्री परसराम पुत्र कन्हैयालाल निवासी तहसील व जिला विदिशा ..... आवेदक
विरूद्ध
श्री. सुरेन्द्रपाल आदि निवासी विदिशा
..... अनावेदिका

// जाहिर सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री परसराम पुत्र श्री कन्हैया लाल कुशवाह निवासी विदिशा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम कस्वा विदिशा हल्का नं. 02 तहसील विदिशा नगर जिला विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 1162/7, 1163 मि. रकवा 0.331 है. में से 600 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता श्री सुरेन्द्र पाल चावला पुत्र वेलीराम आदि से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं. 997 दिनांक 08.06.2004 के द्वारा क्रय किया है। उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अनुसार अपने नाम पर नामांतरण कराने का निवेदन किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 1833/अ-6/2026-27 अगली सुनवाई हेतु नियत है। ऐसे सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि में हित रखते हो तो वह अपनी आपत्ति / दावा प्रकरण में नियत दिनांक 25/09/26 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 10/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील नगर विदिशा

:: जाहिर सूचना ::

मैं गगन छीपा पुत्र :- श्री भोगचंद छीपा आयु :- 24 वर्ष जाति :- छीपा निवासी :- ग्राम लश्करपुर, जिला विदिशा म.प्र.। मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ। यह कि मेरे द्वारा मेरे नाम से एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम ब्रांच विदिशा में ली गई थी, जिसका पॉलिसी कं. 205079363 है। यह कि मेरे नाम से जो पॉलिसी है उसमें मेरे पिताजी का नाम गलती से सुरेश कुमार छीपा दर्ज हो गया है, जबकि उनको भोगचंद छीपा के नाम से जाना जाता है उनके जो दस्तावेज है उनमें भी उनका नाम भोगचंद छीपा दर्ज है। यह कि मेरे परिवार में सुरेश कुमार छीपा नाम का कोई सदस्य नहीं हैं। मेरे पिताजी को चालू नाम से सुरेश कुमार छीपा के नाम से जाना जाता है। दोनो नाम मेरे पिताजी के ही है। यह कि मेरे पिताजी के नाम को लेकर "किसी प्रकार का कोई विवाद होता है तो सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

:: जाहिर सूचना ::

मैं निखिल छीपा पुत्र :- श्री भोगचंद छीपा आयु :- 22 वर्ष जाति :- छीपा निवासी :- ग्राम लश्करपुर, जिला विदिशा म.प्र.। मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ। यह कि मेरे द्वारा मेरे नाम से एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम ब्रांच विदिशा में ली गई थी, जिसका पॉलिसी कं. 354202969 है। यह कि मेरे नाम से जो पॉलिसी है उसमें मेरे पिताजी का नाम गलती से सुरेश कुमार छीपा दर्ज हो गया है, जबकि उनको भोगचंद छीपा के नाम से जाना जाता है उनके जो दस्तावेज है उनमें भी उनका नाम भोगचंद छीपा दर्ज है। यह कि मेरे परिवार में सुरेश कुमार छीपा नाम का कोई सदस्य नहीं हैं। मेरे पिताजी को चालू नाम से सुरेश कुमार छीपा के नाम से जाना जाता है। दोनो नाम मेरे पिताजी के ही है। यह कि मेरे पिताजी के नाम को लेकर "किसी प्रकार का कोई विवाद होता है तो सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खम्मूखेड़ी
शाखा देवखजूरी

पंजीयन क्रमांक 458-22/09/1967 दिनांक: 08.09.2026

वार्षिक साधारण आमसभा

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खम्मूखेडी शाखा देवखजूरी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22/09/26, दिन मंगलवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान खेरूआ हाट में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

रूचिता सोनी
समिति प्रबंधक

किशोर कुमार अहरवाल
समिति प्रशासक

कार्यालय जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, विदिशा

E-mail- dfotvidisha@mp.gov.in, Tele. No. 07592-232967
पंजीयन क्रमांक / ARVDS/340 दिनांक 15.11.1988

विज्ञप्ति
वार्षिक साधारण-सभा

जिला वनोपज विदिशा की वर्ष 2026 की वार्षिक साधारणसभा-आमसभा की बैठक दिनांक 24/09/2026 दिन गुरूवार को समय 01.30 बजे दोपहर से ईको सेन्टर विदिशा में आयोजित की गई है। वनो. सह. यूनि. विदिशा के समस्त सदस्यगण-समितियों के संचालक मण्डल से निर्वाचित प्रतिनिधि-सदस्य / समिति अध्यक्ष प्रशा. विभागीय अधिकारी बैठक में आमंत्रित हैं। सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। बैठक कार्यवाही एजेण्डा अनुसार रहेगी। कोरम के अभाव में 1/2 घण्टे बाद आयोजित बैठक होगी, गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा।

प्रबंध संचालक,
जिला वनो. सह. यूनि.मर्या, विदिशा

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (B-PACS) गढ़ला
शाखा देवखजूरी जिला विदिशा

पंजीयनक्रमाक 8446 दिनांक 23.03.1963
क्रमांक /आमसभा/वयू/2026-27 दिनांक 05/09/2026

वार्षिक आमसभा सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (B-PACS) गढ़ला के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि 63 वीं वाषिक आमसमा दिन सोमवार 21 सितम्बर 2026 को 11.00 बजे स्थान समिति कार्यालय कागपुर में आयोजित की गई है! गणपूर्ति (कोरम) के अभाव मे बैठक स्थगित होने की दशा मे साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी! जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी! बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

श्रीकमलेश तिवारी
समिति प्रबंधक

श्री किशोर कुमार अहरवाल
प्रशासक

जिला पंचायत सदस्य के तीन वार्डों में होना है उपचुनाव, 9 नामांकन फार्म हुए जमा

समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं वार्ड तीन मेहगांव की उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मेहगांव वार्ड क्रमांक-3 जिला पंचायत सदस्य के उपचुनाव को लेकर मंगलवार को प्रत्याशी पूजा राकेश चौकसे ने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11 बजे पूजा चौकसे अपने समर्थकों के साथ पाटनदेव स्थित सिद्ध मारुति नंदन मंदिर पहुंचीं। यहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद प्रत्याशी पूजा राकेश चौकसे भगवान केसरी नंदन के चरणों में मत्था टेक कर उनसे विजयी होने का आशीर्वाद लिया और इसके बाद वाहनों के काफिले के साथ नामांकन रैली निकाली। यह वाहन रैली सांची रोड़ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। जहां प्रत्याशी पूजा राकेश चौकसे ने जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा के समक्ष नामांकन फार्म जमा किया।

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि वार्ड तीन मेहगांव जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान आगामी 29 सितंबर को होना है। जिसकी सारी तैयारियां की जा रही हैं। रैली के जरिए प्रत्याशी पूजा राकेश चौकसे ने चुनावी मैदान में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराने का प्रयास किया। नामांकन दाखिल करने के बाद समर्थकों ने चुनाव में जीत का भरोसा जताते हुए प्रचार अभियान को गति देने की बात कही। मेहगांव वार्ड-3 के उपचुनाव में अब मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होगी और इसके साथ ही चुनावी सरगर्मी और तेज होने की संभावना है।

जिपं सदस्य उपचुनाव के लिए नौ नामांकन फार्म जमा



जिला चुनाव अधिकारी एवं कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य मेहगांव वार्ड तीन अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए 29 सितंबर को उपचुनाव होना है। मंगलवार को शाम तक 9 फार्म जमा हुए हैं। इनमें पहला नामांकन पत्र राकेश चौकसे पिता श्याम लाल चौकसे और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूजा चौकसे निवासी नरवर द्वारा दो अलग अलग फार्म भरे। इसी तरह तीसरा चुनाव नामांकन फार्म रघुवीर मीणा पिता भैया लाल मीणा निवासी गंभीरी, लक्ष्मण सिंह लोधी भदौरिया निवासी बनखेड़ी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य वार्ड 14 अनुसूचित जाति मुक्त से कोई नामांकन फार्म जमा नहीं किया। इनमें दशरथ सिंह पिता टीकाराम भारकच्छ खुर्द, श्यामसिंह पिता आशाराम निवासी पाली, संदीप कुमार पिता मांगीलाल निवासी गोल तहसील बरेली, जिला पंचायत सदस्य वार्ड 17 अनुसूचित जनजाति मुक्त से दो प्रत्याशियों द्वारा चुनाव नामांकन फार्म जमा किए। इनमें संजू पिता श्रीराम वार्ड 13 जावरा मलखार बगवानी तहसील गौहरगंज, राजकपूर पिता श्रीरामदीन निवासी ग्राम निशानखेड़ा तहसील गौहरगंज शामिल हैं।

फुलेरा विसर्जन करते समय नदी में डूबने से बालिका की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

हरतालिका तीज पर निर्जला व्रत रखने वाली एक 17 वर्षीय बालिका की दुधई नदी में फुलेरा विसर्जन के समय पांव फिसने से डूबने से मौत हो गई। बालिका को बचाने के प्रयास में उसकी हमउम्र मौसी भी पीछे से नदी में कूद गई लेकिन वो भी डूबने लगी जिसे उसकी मां ने बमुश्किल बचाया और सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पांडाझिर में अपने नाना हीरालाल लोधी के घर पर पिछले एक माह से रह रही 17 वर्षीय कु.शिवानी लोधी पिता शिवराजसिंह लोधी निवासी महुना गूजर (राहतगढ़) सागर ने निर्जला व्रत रखा था और परिवार की अन्य महिलाओं के साथ रात्रि जागरण कर भजन -कीर्तन में भाग भी लिया था। मंगलवार की अलसुबह 5 बजे शिवानी अपनी नानी शांति बाई एवं हमउम्र मौसी प्रियंका लोधी 17 वर्ष के साथ गांव के पास से निकली दुधई नदी पर फुलेरा सिरहाने (विसर्जन) करने गई थी।

नदी के घाट पर फुलेरा सिरहाते समय अचानक शिवानी का पांव फिसल गया और वो नदी में जा गिरी , जिसे बचाने के लिए उसकी मौसी प्रियंका पीछे से कूद पड़ी लेकिन वो उसे नही बचा पाई ओर वो भी डूबने लगी तब घाट पर मौजूद उसकी माँ शांति बाई लोधी ने कूदकर अपनी बेटी प्रियंका को तो बचा लिया लेकिन गहरे पानी में जाने से शिवानी को नही बचा पाई। महिलाओं की चीखपुकार से गांव के कई व्यक्ति भागकर नदी पर पहुंच गए ओर गांव के युवाओं ने बमुश्किल नदी के गहरे गड्ढे से शिवानी को ढूंढकर बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। वहीं घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम प्रिंयका भलावी एवं तहसीलदार प्रमोद उइके भी सिविल अस्पताल पहुंचे और भर्ती प्रिंयका लोधी की कुशल झेंम पूंछने के साथ दुखी परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

पकड़े न जाएं इसलिए लगा दिए नए ताले

पारसनाथ वेयरहाउस में चोरी 31 क्विंटल गेहूं किया पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

थाना क्षेत्र के उचेरा जमुनिया ग्राम स्थित एक वेयरहाउस में चोरों ने धावा बोलकर 31 क्विंटल गेहूं चोरी कर लिया। चोरी गए अनाज की कीमत करीब 83 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पारसनाथ वेयरहाउस में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया और वहां रखी गेहूं से भरी 63 बोरियां ले जाने में सफल हो गए। मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरी के बाद चोरों ने पुराने ताले तोड़कर वहां नए ताले लगा दिए, ताकि किसी को चोरी का पता न चल सके। सुबह जब वेयरहाउस संचालक पहुंचे तो ताले बदले हुए मिले, शक होने पर अंदर देखा तो बोरियां गायब थीं। घटना से वेयरहाउस संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। संचालक रामेश्वर जैन की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस वेयरहाउस और आसपास की सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

सलामतपुर ओवरब्रिज बना आवारा मवेशियों का डेरा, दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे पर सफर करने वाले राहगीरों के लिए सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज इन दिनों किसी भयानक खतरे से कम नहीं साबित हो रहा है। प्रशासन की अनदेखी और पशुपालकों की गैर-जिम्मेदाराना हरकत के कारण आवारा मवेशियों ने इस व्यस्ततम ओवरब्रिज को अपना नया ठिकाना बना लिया है। सड़क के ठीक बीचो-बीच डेरा जमाकर बैठे पशुओं के झुंड के कारण न केवल यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, बल्कि भीषण सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा भी लगातार बना हुआ है। दिन के समय जहां कई-कई घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें और जाम की स्थिति बन रही है, वहीं रात के समय यह हाईवे वाहन चालकों के लिए मौत का जाल बन जाता है।

बालमपुर से आमखेड़ा तक खतरे का हाईवे, दर्जनों 'ब्लैक स्पॉट्स'

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 और एनएच 146 का एक बड़ा हिस्सा आवारा मवेशियों के जमावड़े की वजह से दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है। बालमपुर घाटी से शुरू होकर भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़िया, बेरखेड़ी चौराहा, सलामतपुर, त्रिमूर्ति चौराहा, ढकना चौराहा और आमखेड़ा तक सड़कों पर दिन-रात मवेशियों का कब्जा रहता है।व्यस्त समय में मवेशियों के बीच में आ जाने से गाड़ियों की रफ्तार थम जाती है और घंटों जाम लगता है।स्ट्रीट लाइटों के अभाव और अंधकार में सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को नजर नहीं आते। तेज रफ्तार वाहन सीधे इनसे टकरा जाते हैं, जिससे दर्जनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और कई बेजुबान गायों की असमय मौत हो चुकी है।

प्रशासनिक बेरुखी से रोजाना लग रहा लंबा जाम, भोपाल-विदिशा मार्ग पर बालमपुर से आमखेड़ा तक दर्जनों 'ब्लैक स्पॉट्स'



कागजी साबित हो रहे सरकारी आदेश और योजनाएं

समस्या की गंभीरता को देखते हुए हाल ही में मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सख्त निर्देश जारी किए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि सड़कों पर मवेशी खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के जरिए गांव-गांव 'डोंडी' पिटवाकर मुनादी कराने और पशु मालिकों को अंतिम चेतावनी देने का फरमान सुनाया गया था। प्रशासनिक दावों को बल देने के लिए रायसेन जिले में सुरक्षा और पेट्रोलिंग के उद्देश्य से 4 प्रमुख सेक्टर गठित किए गए थे। जिनमें बिलखिरिया से टोल नाका सेहतगंज औबेदुल्लागंज, मंडीदीप से टोल नाका विशनखेड़ा, सुल्तानपुर जोड़ से खरगोन टोल नाका हरसिली, खरगोन से देवरी उदयपुरा। दावा किया गया था कि समर्पित पेट्रोलिंग गाड़ियां हाईवे पर मिलने वाले मवेशियों को तत्काल हटाकर गौशालाओं या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएंगी। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन सभी सरकारी योजनाओं, आदेशों और पेट्रोलिंग का सड़कों पर असर पूरी तरह शून्य नजर आ रहा है।

ऋषि पंचमी पर महिलाओं ने सामूहिक पूजन कर सुनी सप्तऋषियों की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पंचमी पर मंगलवार को ऋषि पंचमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने व्रत रखकर सप्तऋषियों का सामूहिक पूजन किया और विधि-विधान से ऋषि पंचमी की कथा सुनी। पूजन के दौरान महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, पवित्रता और कल्याण की कामना की। ऋषि पंचमी को लेकर सुबह से ही महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। व्रत रखने वाली महिलाओं ने परंपरा के अनुसार अगरझाड़े के पौधों की तने से दातून की। इसके बाद स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजा की तैयारियां कीं। घरों और पूजा स्थलों पर सप्तऋषियों के प्रतीक स्वरूप पूजन सामग्री रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा श्रवण किया और व्रत का संकल्प पूरा किया। शहर के सिद्ध बालाजी मंदिर गंजबाजार और संस्कार बिहार कॉलोनी मंदिर में सामूहिक पूजन महिलाओं ने की।

इस बार ऋषि पंचमी तिथि मंगलवार 15 सितंबर को सुबह 7 बजकर 44 मिनट से शुरू हुई। मध्याह्न काल व्यापिनी तिथि के अनुसार मंगलवार को ही व्रत और पूजन किया गया। ज्योतिषीय दृष्टि से इस दिन स्वाति नक्षत्र, इंद्र योग और रवियोग का विशेष संयोग भी रहा। इसके चलते ऋषि पंचमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा।



अनजाने में हुए दोषों के निवारण की मान्यता

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला, राममोहन चतुर्वेदी और दुर्गा प्रसाद शर्मा के अनुसार ऋषि पंचमी व्रत का धार्मिक रूप से विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि इस व्रत और सप्तऋषियों के पूजन से अनजाने में हुए दोषों का निवारण होता है और आत्मशुद्धि प्राप्त होती है। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा यह व्रत रखा जाता है। धर्मशास्त्रों में वर्णित कथा के अनुसार, यदि किसी स्त्री से भूलवश रजस्वला अवस्था में पूजा-पाठ अथवा धार्मिक कार्य हो जाए तो उसके प्रायश्चित के लिए ऋषि पंचमी व्रत का विधान बताया गया है। इसी मान्यता के चलते महिलाएं श्रद्धापूर्वक सप्तऋषियों की पूजा कर क्षमा प्रार्थना करती हैं। धार्मिक विश्वास के अनुसार व्रत करने से मन की शुद्धि होती है और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।दिनभर चले ऋषि पंचमी पूजन और कथा श्रवण के दौरान धार्मिक वातावरण बना रहा। महिलाओं ने व्रत की परंपराओं का पालन करते हुए सप्तऋषियों का स्मरण किया।

सप्तऋषियों का किया पूजन

ऋषि पंचमी के दिन सप्तऋषियों के पूजन की विशेष परंपरा है। महिलाओं ने कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ ऋषि का पूजन किया। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने सप्तऋषियों को नमन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने एक साथ बैठकर पूजा की और कथा का श्रवण किया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

रायसेन। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में सत्र 2026-27 की प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकों से विद्यालय में उपलब्ध सीट और प्रवेशित बच्चों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा मिले। विद्यालय में नीट सहित अलग क्वालिफिकेशन के लिए बुक का संकलन करने पर भी चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के ऑनलाईन प्रशिक्षण सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी तथा विद्यालय के प्राचार्य को समन्वय कर कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में विद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, विद्यालय के प्राचार्य सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम मौका आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार रिक्त सीटों पर ह्यपहले आओ, पहले पाओह्व के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया 21 से 31 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। छात्र हित में विद्यार्थियों को रिक्त सीटों पर प्रवेश का अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण की अवधि में वृद्धि की गई।

अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण के अंतर्गत 16 सितंबर तक शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर ह्यपहले आओ, पहले पाओह्व के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अवधि में प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। विद्यार्थी उपलब्ध रिक्त सीटों का लाभ उठाते हुए निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं। 16 सितंबर को निर्धारित समय के पश्चात प्रवेश मान्य नहीं होगा। उच्च शिक्षा संचालनालय ने सभी संबंधित महाविद्यालयों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें।

हर 15 मिनट में बंद होता है मुस्काबाद रेलवे फाटक, बारिश में कीचड़ में फंस रहे वाहन

50 लाख का रेलवे ओवरब्रिज तीन साल से अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत अंबाडी के अंतर्गत मुस्काबाद रेलवे फाटक पर करीब 50 लाख रुपए की लागत से बन रहा रेलवे ओवरब्रिज तीन साल बाद भी अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार और ठेकेदार द्वारा दोनों ओर मिट्टी डालकर काम छोड़ दिए जाने से बारिश के मौसम में ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। कीचड़ में रोजाना कई वाहन फंस रहे हैं, जिन्हें लोगों की मदद से धक्का देकर बाहर निकालना पड़ रहा है।

मुस्काबाद रेलवे फाटक से प्रतिदिन मुस्काबाद, सत्ती, बसिया, भंवरखेड़ी, हिनोतिया, मुनारा, पिपरई, टपरा, कालीटोर, भारतीपुर, शाहपुर, भगवंत कॉलोनी और बेसर कॉलोनी सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे फाटक हर 15 मिनट में बंद हो जाता है। कई बार ट्रेनों की आवाजाही के कारण फाटक एक घंटे तक नहीं खुलता, जिससे लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए रेलवे फाटक के दोनों ओर मिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। बारिश के दौरान यही मिट्टी दलदल में बदल जाती है। दोपहिया वाहन चालक और कार सवार रोजाना कीचड़ में फंस रहे हैं। कई बार वाहन निकालने के लिए राहगीरों और ग्रामीणों को धक्का लगाना पड़ता है। स्कूल वैन और अन्य यात्री वाहन भी बारिश के दौरान फंसने से बच्चों और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



मरीजों और गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि फाटक बंद होने से सबसे गंभीर स्थिति उस समय बनती है, जब किसी बीमार मरीज या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना होता है। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने से आपातकालीन स्थिति में लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है। यह रेलवे लाइन कई राज्यों को जोड़ती है, जिसके कारण ट्रेनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है और फाटक बार-बार बंद होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ओवरब्रिज का निर्माण समय पर पूरा हो जाता तो हजारों लोगों को रोजाना की इस परेशानी से राहत मिल सकती थी।

ग्रामीणों ने वैकल्पिक रास्ता बनाने की मांग की

मुस्काबाद निवासी जैद खान, नजीर खान, बलराम विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा और मान सिंह अहिरवार ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करीब तीन साल से चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि निर्माण की यही रफ्तार रही तो इसे पूरा होने में दो से तीन साल और लग सकते हैं। ग्रामीणों ने रेलवे विभाग से निर्माण कार्य में तेजी लाने और बारिश के दौरान दोनों तरफ तत्काल पक्का वैकल्पिक रास्ता बनाने की मांग की है।

इनका कहना है...

रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा होना चाहिए। बारिश के दौरान फाटक के दोनों ओर कीचड़ होने से ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कुंती रमेश कुमार अहिरवार,
सरपंच अंबाडी